कलिफ़ॉर्निअन्स के लिए दिल से

# पार्टनरों (भागीदारों) के लिए फैक्ट शीट

# 2027 में विशिष्ट तौर पर कानूनी रूप से उपस्थित प्रवासियों के लिए मार्केटप्लेस पात्रता में बदलाव

## क्या बदल रहा है ?

2025 में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने H.R. 1 पर हस्ताक्षर किए, जिसे वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट के नाम से भी जाना जाता है, जो बताता है कि कानूनी दर्जा वाले विशिष्ट प्रवासी समूह के लिए 2027 के कवरेज वर्ष से वित्तीय सहायता पाने के लिए अयोग्य होंगे जिसमें प्रीमियम टैक्स क्रेडिट और लागत-साझाकरण में कटौतियाँ शामिल हैं।

कानूनी रूप से मौजूद प्रवासी (LPI) उपभोक्ता जो 2027 में अयोग्य हो जाएंगे, वे अभी भी कवर्ड कैलिफ़ोर्निया कवरेज के लिए नामांकन कर सकेंगे; हालाँकि, वे किसी भी तरह की वित्तीय सहायता के लिए योग्य नहीं होंगे। नतीजतन, इनमें से कई उपभोक्ताओं के लिए 2027 में उनकी स्वास्थ्य बीमा की लागत बढ़ जाएगी।

**ये बदलाव 2027 तक लागू नहीं होंगे और इनका मौजूदा प्लान की कीमत पर कोई असर नहीं होगा।** LPI उपभोक्ता 2026 के बाकी बचे हुए समय में भी डॉक्टर से मिलने और दूसरी ज़रूरी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए अपने मौजूदा स्वास्थ्य बीमा का इस्तेमाल जारी रख सकते हैं।

**यदि कोई LPI उपभोक्ता ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने की योजना बनाता है, तो स्वास्थ्य बीमा के लिए वित्तीय सहायता लेने से उनके आवेदन पर असर पड़ सकता है।** चूंकि प्रवास के नियम जटिल होते हैं, इसलिए उन्हें किसी योग्य प्रवासीय कानूनी प्रतिनिधि से बात करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## कौन पात्र बने रहेंगे ?

2027 के आरंभ से, केवल ये प्रवासीय समूह ही अपनी स्वास्थ्य बीमा की कीमत को कम करने के लिए वित्तीय मदद पाने के योग्य होंगे:

- कानूनी तौर पर स्थायी निवासी (ग्रीन कार्ड धारक)
- क्यूबा और हैती से आए लोग **(इसमें क्यूबा और हैती के कई प्रकार की वर्तमान और पूर्व की प्रवासीय स्थितियों वाले लोग शामिल हैं)**
- कॉम्पैक्ट ऑफ़ फ्री एसोसिएशन (COFA) देशों से आए प्रवासी, जिनमें माइक्रोनेशिया, मार्शल आइलैंड्स, और पलाऊ शामिल हैं

## किन पर असर पड़ सकता है ?

इस संघीय बदलाव से कवर्ड कैलिफ़ोर्निया के लगभग 140,000 नामांकित लोग प्रभावित हो सकते हैं।

**इसमें ऐसे उपभोक्ता शामिल हैं जिनके पास ये हैं:**

- वर्क वीज़ा
- स्टूडेंट वीज़ा
- शरण (लंबित या स्वीकृत)
- रिफ़्यूजी का दर्जा
- तस्करी, घरेलू हिंसा, और अन्य गंभीर अपराधों के पीड़ित (U वीज़ा, T वीज़ा, और महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा रोकथाम अधिनियम के तहत लंबित याचिकाएं)
- अस्थायी संरक्षित दर्जा (TPS)
- अन्य मानवीय या अस्थायी कानूनी दर्जे जो पहले मार्केटप्लेस से मिलने वाली वित्तीय सहायता के लिए योग्य थे

## उपभोक्ता क्या कर सकते हैं

हम जानते हैं कि यह खबर अच्छी नहीं है। कवर्ड कैलिफ़ोर्निया, स्वास्थ्य बीमा को सस्ता बनाए रखने और उपभोक्ताओं की, इस बदलाव को समझने में, मदद करने के लिए, काम कर रहा है। हम उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करते हैं कि वे नीचे दिए गए तरीकों से मुफ़्त और गोपनीय सलाह लेने के लिए संपर्क करें:

- अधिक जानकारी और सहायता के लिए कवर्ड कैलिफ़ोर्निया से **800-300-1506** पर संपर्क करें या **CoveredCA.com** पर जाएँ
- प्रमाणित नामांकन सहायक (सर्टिफाइड एनरोलर) से नामांकन में मदद पाने के लिए, **coveredca.com/support/find-an-enroller/** पर जाएँ।
- प्रवास से जुड़ी कानूनी सहायता के लिए, कैलिफ़ोर्निया के सामाजिक सेवा विभाग की वेबसाइट **cdss.ca.gov/inforesources/immigration** पर जाएँ
- कानूनी जानकारी और रेफरल के लिए, हेल्थ कंज्यूमर अलायंस को **888-804-3536** पर कॉल करें या **healthconsumer.org** पर जाएँ.
- केवल भरोसेमंद स्रोतों का इस्तेमाल करें और धोखाधड़ी से सावधान रहें। जब भी कोई शक हो, तो सीधे हमें कॉल करें।

## क्या आपके कोई सवाल हैं ? हम मदद कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: 800-300-1506| CoveredCA.com

Covered California complies with applicable federal civil rights laws and does not discriminate on the basis of race, color, national origin, age, disability, or sex.
Atención: Si habla español, tiene a su disposición servicios gratuitos de asistencia lingüística. Llame al 1-800-300-0213 (TTY: 1-888-889-4500).
注意：如果您使用繁體中文，您可以免費獲得語言援助服務。請致電 1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500).